शनिवार
17 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




आरा में पुलिस अधिकारी के बालू कारोबारी बेटे की हत्या! 2



## बिपरजॉय तूफान ने गुजरात में मचाही तबाही, 4600 ग्रामीण इलाकों का संपर्क टूटा

- चक्रवाती तूफान का ज्याद असर कच्छ-सौराष्ट्र समेत 8 जिलों में
- 940 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल, भारी बारिश के चलते हजारों गांवों में बाढ़ के हालात

**एजेंसी/अहमदाबाद**





बिपरजॉय तूफान गुजरात में टकराने के बाद अपने पीछे मुसलाधार बारिश और आफत का सैलाब छोड़ गया। इस चक्रवाती तूफान का सबसे ज्यादा असर कच्छ-सौराष्ट्र समेत 8 जिलों में रहा। तूफान ने अपने पीछे भारी तबाही छोड़ा है। जगह-जगह पेड़ और खंभे टूटकर गिर गए। भावनगर में तूफान के कारण 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 22 से ज्यादा लोग चोटिल हो गए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा 940 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल हो गई है। भारी बारिश के चलते हजारों गांवों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। बाढ़ के चलते रास्ते बंद होने से 4600 ग्रामीण इलाकों का संपर्क टूट गया है। अगले दो-तीन दिनों तक तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। खबर लिखे जाने तक कच्छ में नलिया, नारायण सरोवर, जखौ पोर्ट, मांडवी, मुंद्रा और गांधीधाम समेत पूरे राज्य में तेज बारिश हो रही थी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भारी बारिश की आशंका जताई है। साथ ही लोगों से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दी है।

**सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़े** : बिपरजॉय तूफान के चलते 940 गांवों की बिजली गुल हो गई। वहीं, 600 से अधिक पेड़ उखड़े गए हैं। इसके अलावा सैकड़ो बिजली के पोल भी गिर गए हैं। मोबाइल टॉवर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं।

**राजस्थान में भारी बारिश:** बिपरजॉय तूफान गुजरात के बाद राजस्थान में दस्तक दे चुका है। राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश शुरू हो गई है. राजस्थान के बाड़मेर, जालोर, बीकानेर, भरतपुर, सिरोही समेत कई जिलों में तेज बारिश होती रही। मौसम विभाग ने राजस्थान में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 13 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में 18 जून तक इसका असर रहने की आशंका जताई है। जालोर में शुक्रवार शाम तक 81 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बाड़मेर और सिरोही में तेज हवाओं से पेड़ और पोल उखड़ गए हैं।

## जदयू सांसद से दो करोड़ रु की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**



गिरफ्तार आरोपी अनीश कुमार झा।

जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू को सेक्सटॉर्शन का शिकार बना कर दो करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले बदमाश को पुलिस ने भारत नेपाल सरहद के रक्सौल बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान अनीश कुमार झा के रूप में की गई है। वह शिवहर जिले के पुरनहिया थाना क्षेत्र के चिरैया गांव का रहने वाला है। उसके ऊपर पूर्व पंचायत समिति सदस्य नवीन झा की हत्या व टिकट दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए ठगी का मामला भी दर्ज है।

मामले के अनुसार पूजा नामक लड़की के द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से सांसद की एडिटेड फोटो और वीडियो भेजकर रंगदारी की डिमांड की गई थी, जिसे लेकर शास्त्रीनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं, पुलिस की स्पेशल टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच इस मामले में एक बदमाश की पहचान अनुसंधान के जरिए हुई। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी बीच रक्सौल बॉर्डर पर घेराबंदी कर कुख्यात अनीश झा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबरें फटाफट

### लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन की फिर उड़ी अफवाह

**पटना।** एक बार फिर से बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन की अफवाह उड़ा दी गई है। खुद शारदा सिन्हा ने शुक्रवार को फेसबुक पर लिखा है- हर साल मेरे निधन की अफवाह फैलाई जाती है। इससे आंतरिक रूप से आहत हूं। 2020 के बाद से यह तीसरी बार हो रहा है। क्या बिहार सरकार के साइबर क्राइम की शाखा इस तरह की घटना की शिनाख्त नहीं कर सकती है। इस पोस्ट में उन्होंने साइबर क्राइम बिहार, बिहार गवर्नमेंट को टैग भी किया है। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने शारदा सिन्हा के फेसबुक पेज पर लाइव आकर निधन की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि कमाल की बात है और बार-बार हो रही है, सुबह से कई फोन आ रहे हैं, मां के निधन की अफवाह फैलाई गई है।

### मस्जिद में बैठक कर रामचरितमानस लिखी गई थी: विधायक

**पटना।** आरजेडी के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव ने दावा किया है कि रामचरितमानस को मस्जिद में बैठक कर लिखा गया था। उन्होंने कहा कि 'अगर बीजेपी इतनी ही हिंदुत्ववादी है तो उसे अपनी पार्टी से सारे मुसलमानों को निकाल देना चाहिए। हिंदू के नाम पर एक दूसरे को लड़ा रहे हैं। एक समय आया था कि याद कीजिए, राम मंदिर-राम मंदिर करते हैं। कहा कि, इतिहास उठाकर देख लीजिए। उस वक्त हिंदुत्व खतरे में नहीं था?

### हम के संस्थापक के महागठबंधन छोड़ने पर सीएम ने तोड़ी चुप्पी

# नीतीश का आरोप, भाजपा के लिए जासूसी कर रहे थे जीतन मांझी

- नीतीश ने कहा- 23जून को विपक्षी नेताओं की बैठक की बातें लीक होने का खतरा था
- महागठबंधन छोड़कर जाने का फैसला अच्छा

**केटी न्यूज/पटना**

जीतन राम मांझी के बेटे संतोष मांझी के इस्तीफे और पार्टी के विलय पर सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पहली प्रतिक्रिया दी। सीएम ने कहा कि जीतन राम मांझी से हमने बोला था कि या तो अपनी पार्टी का जेडीयू में विलय कर दीजिए या महागठबंधन से अलग हो जाइए। मांझी ने विलय के बजाए महागठबंधन से अलग होने का निर्णय ले लिया और उनके बेटे संतोष सुमन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। नीतीश ने कहा वो भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए महागठबंधन के सहयोगियों की जासूसी कर रहे थे। ऐसे में महागठबंधन से उनका बाहर निकाला अच्छी बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक है। अगर मांझी महागठबंधन में रहते तो मीटिंग में जो भी बातें होतीं वह सब जाकर बीजेपी को बता देते इसलिए हमने पहले ही कह दिया था कि विलय करिए पार्टी का जेडीयू में या बाहर हो जाइए। महागठबंधन में मांझी जब थे तो बीजेपी के लोगों से मिल रह थे। हमको पता था कि वह चले जाएंगे, लेकिन आकर हमसे कहते थे कहीं नहीं जायेंगे। आपके साथ रहेंगे। चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी का बिना नाम लिए नीतीश कुमार ने कहा कि 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में हमारे उम्मीदवारों को हरवाने का काम किया गया। बीजेपी ने क्या कराया सबको पता है।



शपथ ग्रहण के दौरान सीएम नीतीश व डिप्टी सीएम तेजस्वी के साथ रत्नेश सदा।

### तेजस्वी को सीएम नहीं बनाएंगे नीतीश: जीतन मांझी

**गया।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम के संरक्षक जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएम नीतीश कुमार पर खूब बरसे। मांझी ने कहा कि हमारे सभी विधायकों के सामने यह बात कही गई थी कि दुकान बंद कीजिए नहीं तो बाहर जाइए। समस्याओं को सुनने वाले नहीं थे। इसके बाद 13 जून को संतोष कुमार सुमन ने इस्तीफा दिया। मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने लाचारी में सीधे-सादे आदमी के लिए हमको चुना था और सीएम बनाया था। 44 वर्षों से राजनीति कर रहे हैं। सिर्फ जनता की सेवा में बिताया है। कोई साइड बिजनेस नहीं है। नीतीश कुमार कहते हैं पार्टी विलय करो तो यह सम्मान नहीं है। हमारी पार्टी चल नहीं दौड़ रही है। हमें कोई शिकायत नहीं है, लेकिन प्रतिष्ठा दांव पर हुई तो इस्तीफा दिया। हम एनडीए में कब थे? हम तो नीतीश कुमार के साथ थे। हमने कसम भी खाई थी जिसे नीतीश कुमार ने कसम मुक्त कर दिया। बीजेपी से मिलने पर मांझी ने कहा कि कोई प्रमाण है क्या? नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर सरकार नहीं बनाए थे क्या? तेजस्वी यादव को लॉलीपॉप दिखा रहे हैं। खुद एनडीए से मिल जाएंगे, लेकिन तेजस्वी यादव को सीएम नहीं बनाएंगे।

### रत्नेश सदा ने मंत्री पद की ली शपथ, बोले- नीतीश से डरते हैं मोदी

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन के इस्तीफे के बाद एक मंत्री पद के लिए नीतीश मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार हुआ। सोनबरसा राज सुरक्षित सीट से जेडीयू के विधायक रत्नेश सदा को मंत्री बनाया गया। राजभवन के दरबार हॉल में उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद रत्नेश सदा पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र की सरकार पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि देश में पीएम मोदी किसी से डरते हैं तो उसका नाम नीतीश कुमार है। नीतीश विपक्ष को एकजुट करने में लगे हैं।

रत्नेश सदा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिहार की मदद नहीं कर रही। बिहार के हक का पैसा रोक कर रखी है। उन्होंने कहा कि उनके विभाग के जो भी अधूरे काम हैं वो सबसे पहले उसको पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों का काम पहले होगा। युवाओं को रोजगार मिलेगा। काम करने में विश्वास रखते हैं। काम करके जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## हीट वेव से बलिया जिले में 34 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया जिले में हीट वेव यानी लू कहर बरपा रहा है। तेज गर्म हवाओं के कारण बीते 24 घंटे के दौरान 34 लोगों की मौत हो चुकी है। इन मौतों ने हर किसी को सकते में डाल दिया है। इससे स्वास्थ्य महकमे में जहां हड़कंप की स्थिति है, वहीं सीएमओ से लेकर सीएमएस अब अपने मातहतों के साथ बैठक करने में जुट गए हैं। मरने वालों में अधिकांश 60 साल के ऊपर के बताए जा रहे हैं। बता दें कि जनपद में बीते एक पखवारे से तापमान 40 से नीचे लुढ़कने का नाम नहीं ले रहा। तीखी धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। जनपद में 15 जून को जहां 23 लोगों की मौत हुई, वहीं 16 जून को 11 लोग जान गंवा बैठे। इस प्रकार 24 घंटे के अंदर कुल 34 बुजुर्ग आदमी जान गंवा बैठे हैं।

**क्या बोले सीएमओ:** सीएमओ डा. जयंत कुमार ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि जनपद में 15 जून को जहां 23 लोगों की हीट वेव के कारण मौत हुई है, वहीं 16 जून यानी शुक्रवार को 11 लोगों की जान लू लगने के कारण गई है। मरने वालों में अधिकांश की उम्र 60 साल के पार है। भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी दवाओं की खेप तथा ओआरएस बढ़ाकर रखने का निर्देश दिया गया है।

### बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी

डॉक्टरों के अनुसार लगातार दो घंटे कड़ी धूप में रहने के कारण शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है। जिसके कारण शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर मस्तिष्क पर देखने को मिलता है। इस तरह से लू लगने और शारीरिक तापमान बढ़ने पर उसको संतुलन में लाने के लिए ठंडे पानी से पूरे शरीर को पोछे और पानी पीयें। लू लगने पर और शारीरिक तापमान बढ़ने से इलाज में देरी होने से मस्तिष्क और किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच सकता है। यहां तक की लोगों की मौत भी हो सकती है।






### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रॉबर्ट्सगंज में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

# सोनभद्र को 414 करोड़ की 217 विकास योजनाओं की मिली सौगात

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सोनभद्र के दौरे पर पहुंचे। वहां उन्होंने 414 करोड़ की 217 विकास योजनाओं की सौगात दी। सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार जिलों के दौरे कर रहे हैं। विकास योजनाओं से जोड़कर प्रदेश सरकार की छवि को बेहतर बना रहे हैं। साथ ही, लोगों के बीच पहुंचकर सीएम उनकी उम्मीदों को पूरा करने के वादे कर रहे हैं। इनका कार्यक्रमों के जरिए प्रदेश में चल रही भाजपा की संपर्क से समर्थन कार्यक्रम को भी जोड़ा जा रहा है। बहरहाल, सोनभद्र पहुंचे सीएम योगी ने विपक्ष को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जाति और मजहब की राजनीति करने वालों ने लोगों का शोषण किया। इन मामलों में उलझा कर उन्होंने लोगों को विकास की राह से उतार दिया। लोगों को उनकी इस भावना का पता चल चुका है। रॉबर्ट्सगंज में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए सरकार के स्तर पर कार्यों को गिनाया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चल रहे घर को पेयजल योजना की लाइन से जोड़ने का जिक्र करते हुए कहा कि 6 साल पहले शुद्ध पेयजल लोगों के लिए सपना था। आज हर घर नल योजना से घर-घर पानी पहुंचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाइप से आरओ का पानी आपके घर पहुंचेगा। विकास योजनाओं को लेकर सीएम योगी ने कहा कि गरीबों के लिए आवास सपना था, जिसे पूरा किया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश सरकार लगातार तमाम वर्गों को साथ लेकर चल रही है। उनकी विकास की आकाक्षांओं को पूरा करने में लगी है। हर वर्ग के जीवनस्तर को उठाने के लक्ष्य के साथ काम किया जा रहा है। प्रदेश के हर गरीब को आवास, शौचालय, रसोई गैस जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि हर गरीब को शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। विकास की तमाम योजनाएं हर वर्ग तक एक-समान तरीके से पहुंच रही हैं। धर्म और जाति की राजनीति करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए सीएम ने कहा कि ऐसे लोगों ने ही शोषण किया। पहले के समय में गरीब महिलाओं, युवाओं और किसानों का शोषण किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार है। इसकी बेहतरी के लिए हम काम कर रहे हैं।

# आरा में पुलिस अधिकारी के बालू कारोबारी बेटे की हत्या

- मृतक विट्ठ का फाइल फोटो, घटना के बाद जुटे परिजननवादा थाना क्षेत्र के मिल्की आनइठ मुहल्ले से गुरुवार की रात मिला शव
- परिजन छिनतई के दौरान नशा खिलाने के बाद हत्या करने का लगा रहे आरोप
- चांदी स्थित बालू घाट से घर आने के दौरान हुई घटना, पैसे और मोबाइल गायब

**केटी न्यूज/आरा**

शहर में एक पुलिस अधिकारी के बेटे की संदिग्ध स्थिति में हत्या कर दी गयी। उसका शव गुरुवार की देर रात नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की आनइठ मोहल्ले से बरामद हुआ। उसके पैसे और मोबाइल भी गायब है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कड़रा बसंतपुर गांव निवासी रमेश कुमार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र रवि रंजन उर्फ बिट्टू है। वह बालू के कारोबार से जुड़ा था और चांदी स्थित एक घाट पर काम करता था।

उसके पिता रमेश कुमार सिंह एएसआई हैं और फिलहाल मधेपुरा में पोस्टेड हैं। रवि रंजन उर्फ बिट्टू गुरुवार को चांदी स्थित बालू घाट से गांव आने वाला था। उसके बायें हाथ की केहूनी पर जला हुआ जख्म, दाहिने आंख के पास खरोंच, नाक-मुंह से लाल रंग का झाग निकला हुआ था और चेहरे का रंग काला पड़ गया था। वह नशे का शौकीन भी बताया जा रहा है।





घटना के बाद जुटे परिजन, मृतक विट्ठ का फाइल फोटो

उसके परिजन छिनतई के दौरान नशा खिलाने के बाद मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर उसके पिता की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। हालांकि पुलिस की शुरूआती जांच में नशे के ओवरडोज से मौत की बात भी सामने आ रही है। इधर, देर रात शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर नवादा थाने की पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, परिजनों का कहना है कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी।

पुलिस मामले की हर एंगल से छानबीन कर रही है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि लड़का नशे का शौकीन था। नशेड़ी लड़कों के साथ घूमता रहता था। प्राथमिक जांच में प्रतीत हो रहा है कि किसी नशे की ओवरडोज के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला क्लीयर हो सकेगा।

## सुबह बहन और भाई को फोन कर कही थी घर आने की बात

चांदी बालू घाट पर काम करने वाले एएसआई के बेटे रवि रंजन उर्फ बिट्टू द्वारा गुरुवार की सुबह बहन और चचेरे भाई को फोन कर घर आने की बात कही गई थी।

उसके लिए उसने चचेरे भाई को बाइक लेकर बुलाया भी था। किसी कारण वश उसका भाई नहीं जा सका। इस बीच उसकी हत्या कर दी गयी और देर रात उसका शव मिल गया। उसके जीजा राहुल कुमार ने बताया कि वह चांदी गांव स्थित बालू घाट पर काम करता था। सप्ताह में एक-दो बार पर घर आता था। गुरुवार की सुबह उसने अपनी बहन से फोन पर बात की थी। तब उसने कहा था कि आज घर आने वाला है। उसके बाद अपने चचेरे भाई को भी फोन कर घर आने की बात कहते हुए बाइक लेकर बुलाया था। तब उसके चचेरे भाई ने कहा था कि अभी बाइक पिताजी लेकर बाहर गए हैं। उनके आने के बाद वह उसके पास आयेगा। उसके बाद बिट्टू का मोबाइल बंद बताने लगा।

उसके बाद परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच रात करीब नौ बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना दी गयी कि बिट्टू की मृत्यु हो गई है। उसका शव मिल्की आनइठ में पड़ा है। तब वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को खबर की गयी।

## दो भाइयों में बड़ा था बिट्टू, घर में मचा रोना-धोना

बताया जा रहा है कि बिट्टू दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां प्रतिमा देवी, बहन अंजली कुमारी, स्वीटी कुमारी और भाई रवि कुमार उर्फ छोटू है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की हत्या से मां प्रतिमा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बहन को मैसेज भेजा, बतानी है जरूरी बात और बंद हो गया मोबाइल

बिट्टू के जीजा राहुल कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह उसने अपनी बहन को कॉल करने के बाद मैसेज भी किया था। उसमें लिखा था कि बहन तुमको एक बात बतानी है। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। बहन ने मैसेज भी किया, तो उसका उसने कोई रिप्लाई नहीं दिया था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर वह बात क्या थी? उसी बात में तो हत्या का राज नहीं छुपा है? पुलिस भी अब यह पता लगा रही है कि आखिर वह बात क्या थी? इसके लिए पुलिस उसके मोबाइल की सीडीआर को खंगाल रही है। इधर, यह भी बताया जा रहा है कि बिट्टू पूर्व में काफी नशा करता था। इसके कारण परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पूर्व में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मुहल्ले में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहता था। लेकिन बाद में किराये का मकान छोड़ कर वह गांव पर ही रहने लगा था।

## खबरें फटाफट

### 15 अपराधिक घटना में फरार चल रहा दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**रोहतास।** रोहतास थाने की पुलिस ने बिक्रमगंज थाना क्षेत्र से दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को बिक्रमगंज एसडीपीओ शशि भूषण सिंह ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी रोहतास को गुप्त सूचना मिली कि बिक्रमगंज का कुख्यात सिंकू पटेल अपने घर आने वाला है। सूचना के बाद बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें बिक्रमगंज थानाध्यक्ष एवं काराकाट थानाध्यक्ष शामिल किए गए।

### 11 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली सुभाष ठाकुर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ गया।** गया में पुलिस ने 11 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली सुभाष ठाकुर उर्फ अनूप को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर हिंसात्मक घटना समेत कई गंभीर कांडों में मामले दर्ज हैं। हार्डकोर नक्सली की गिरफ्तारी की सूचना एसएसपी आशीष भारती ने दी है। एसपी ने बताया कि 10 जून 2012 को जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव के पास भलुआहा पहाड़ पर भाकपा माओवादियों का हथियार बन्द दस्ता के साथ पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में लैंड माइंस से जोरदार धमाके व अंधाधुंध फायरिंग में एक सिपाही की हत्या व नक्सलियों आधुनिक हथियार, गोली, लैंड माइंस और उपयोग करने अन्य सामग्री बरामद मामले में आरोपित था। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि पूर्व में नक्सलियों द्वारा संलिप्त कांडो की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# आपराधिक घटना को अंजाम देने पहुंचा बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

- एक कट्टा, एक गोली और एक बाइक बरामद, पुलिस को देख दो बदमाश फरार
- चरपोखरी गांव में हुई छापेमारी के बाद पुलिस को मिली कायमाबी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर की चरपोखरी थाने की पुलिस द्वारा आपराधिक वारदात को अंजाम देने पहुंचे एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। उसे गुरुवार की रात चरपोखरी गांव से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाश उसी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी सत्येंद्र राय का पुत्र राकेश कुमार राय




आर्म्स के साथ प्रेसवार्ता करते एसपी प्रमोद कुमार

उर्फ विधायक राय है। हालांकि पुलिस को देख उसके दो साथी भागने में सफल रहे। उन दोनों की भी पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि चरपोखरी गांव निवासी बबन सिंह के घर के पास सड़क पर कुछ आपराधिक तत्व किसी घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए हैं। तत्काल पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में चरपोखरी थाने की पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को देख अन्य बदमाश तो भाग निकले, लेकिन राकेश कुमार राय उर्फ विधायक राय को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और गोली बरामद की गयी। इस मामले में उसके खिलाफ आपराधिक षडयंत्र करने और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी ने बताया कि उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। जब्त बाइक की भी जांच की जा रही है। फरार उसके दो अन्य साथियों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष निकुंज भूषण और दारोगा हरि प्रसाद शर्मा शामिल थे।

### मिशन लाइफ के लिए दौड़ेगा बक्सर मैराथन और जागरूकता प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन

**केटी न्यूज/ बक्सर**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि मिशन एलआईएफई संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना लक्ष्य है। जिसमें जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और टिकाऊ जीवन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की वैश्विक पहल है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह विचार पहली बार 2021 में ग्लासगो में पार्टियों के 26 वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में पेश किया गया था। जिसमें बेकार खपत को कम करने के लिए एक सचेत और जानबूझकर जीवन शैली के महत्व पर जोर दिया गया था। आज यह वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली का जो मंत्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दी हैं।

## एक नजर

### सूचनाजन सम्पर्क विभाग शराब की चल रही थी पार्टी, तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा।** उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की दोपहर आरा के जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में छापेमारी की। इस दौरान वहां मुर्गा एवं शराब पार्टी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अचानक हुई छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार पकड़े गए लोगों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का कंप्यूटर ऑपरेटर यशवंत कुमार, बिहार सैनिक कल्याण बोर्ड का कर्मी कमलेश एवं परिवहन विभाग से जुड़ा वेंडर विनोद का नाम सामने आ रहा है। बताया जाता है कि सभी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भवन में बैठकर मीट-मुर्गा की पार्टी मना रहे थे। वहां जाम (शराब) की भी व्यवस्था थी। इसकी सूचना किसी ने जिलाधिकारी को दे दी। जिलाधिकारी ने तुरंत उत्पाद विभाग को छापेमारी करने का निर्देश दिया। उत्पाद विभाग की टीम तत्काल मौके पर छापेमारी कर तीनों को दबोच लिया। उन्हें अपने कार्यालय ले गई है।

### अब्दुल बारी नगर भवन टाउन हॉल में भाजपा का कार्यक्रम आज, जुटेंगे कई दिग्गज

**केटी न्यूज/जहानाबाद।** 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत आज होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए की गई बैठक। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 9 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अब्दुल बारी नगर भवन ,टाउन हॉल में होने वाले जनसभा को सफल बनाने हेतु बैठक जिला अध्यक्ष अजय कुमार देव जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे जहानाबाद के लिए सौभाग्य की बात है की संघ विचारक प्रखर वक्ता माननीय राज्यसभा सांसद श्री राकेश सिन्हा जी ,पूर्व मंत्री बिहार सरकार नंदकिशोर यादव जी, पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रेम कुमार जी का संबोधन सुनने को मिलेगा इसलिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ प्रभारी एवं अन्य जनता जनार्दन को साथ लेकर आएं और उनकी बातों को सुने। इस बैठक में लोकसभा प्रभारी सीडी शर्मा जी लोक सभा विस्तारक दुर्गेश चौबे जी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने में अपना विचार व्यक्त किए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से होमगार्ड जवान की मौत

**सासाराम।** गुरुवार देर रात एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के चनका गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार सिन्हा के रूप में की गई। जो होमगार्ड के जवान हैं। दुघर्टना जिले के नोखा थाना क्षेत्र के बरांव गांव मोड़ के पास हुई। जब स्कूटी से सवार होकर सासाराम से अपने गांव लौट रहे थे। स्टेट हाईवे पर वे ट्रैक्टर की चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस घायल जवान को नोखा पीएचसी ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**सासाराम।** गुरुवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। घटना जिले के करगहर प्रखंड के बड़हरी ओपी अंतर्गत मौडिहरा गांव में हुई। शुक्रवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मृतका 22 वर्षीय निशा कुमारी है। जो मौडिहरा गांव के राहुल कुमार की पत्नी थी। सिरिरिया गांव निवासी विजय सिंह की बेटी निशा की शादी दो साल पहले हुई थी। एक साल की बच्ची भी है। निशा का शव कमरे में लटका हुआ मिला।

## जनता दरबार आए 92 फरियादी, शिकायत सुन डीएम ने निष्पादन के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/ जाहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें आमजनों के शिकायतों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। डीएम के जनता दरबार मे लगभग 92 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, भू अर्जन, नल-जल योजना सहित अन्य कार्यालयों/योजनाओं से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित



शिकायत सुनते डीएम रिची पाण्डेय

पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

## मानस विद्यालय के बारहवीं के छात्र अंकित कुमार एवं विनीत विजेता ने नीट में लहराया परचम

**केटी न्यूज/ जाहानाबाद**

मानस विद्यालय बभना में हर्ष का माहौल था। दो छात्रों (अंकित कुमार एवम विनीत विजेता) का नीट में चयन साथ ही विद्यालय का पूर्ववर्ती छात्र सदर प्रखंड खैरा ग्राम निवासी आभास कुमार की उपस्थिति चार चांद लगा रहा था। चेन्नई राजभवन में जिले के उक्त प्रतिभाशाली छात्र को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल के द्वारा सम्मानित भी किया गया है। उक्त बातें मानस ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर नवल किशोर ने बताई। साथ ही सदर प्रखंड के नदहरी गांव निवासी विनीत एवम स्थानीय निजमदीपुर निवासी अंकित कुमार प्रारंभ से ही मेधावी छात्र था। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। दोनो के अभिभावक बहुत ही साधारण परिवेश से आते हैं। एक के अभिभावक किसान एवम दूसरे के दवा बिक्रेता हैं। इस परिवेश से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर लेना अन्य छात्रों के लिए निश्चित रूप में प्रेरणा प्रस्तुत करता है। यह न केवल विद्यालय बल्कि जिले के छात्रों के लिए भी गौरव का क्षण है। विद्यालय के निदेशक अभिषेक आनंद



दोनों छात्रों को मिठाई खिलाते शिक्षक

एवम प्राचार्य अजय कुमार ने अंकित एवम विनीत को मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया इस अवसर पर उपस्थित अंकित एवम विनीत के माता पिता, दादा दादी एवम विद्यालय के शिक्षकों को निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि जीवन को गमले के पौधे की तरह नहीं बनाना चाहिए जो थोड़ी सी धूप लगते ही मुरझा जाए, जिंदगी को जंगल के पेड़ के जैसा बनाना चाहिए जो हर स्थिति में झूमता रहे। डॉक्टर बनकर इस फलसफा को हमेशा याद रखना। समाज को लौटाने के तरीके अंतहीन है, फैसला आपको लेना है।अंकित कुमार जो बारहवीं में जिला टॉपर रहा उसका कैटोगेरी रैंक 7226 एवम विनीत विजेता का कैटोगरी रैंक 2266 है।


**इस्कॉन पटना विस्तार केंद्र पड़री में श्रील प्रभुपाद आश्रम का उद्घाटन एक भव्य समारोह में संपन्न हुआ**

# जुआ-नशा व अवैध संबंध भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म में पाप: देवकीनंदन दास

- श्रील प्रभुपाद आश्रम का बक्सर में हुआ उद्घाटन भक्त हुए भाविभोर
- बक्सर में जल्द बने इस्कॉन मंदिर भक्तों ने किया जयघोष

**केटी न्यूज/बक्सर**





उद्घाटन के बाद पूजा अर्चना करते अतिथी, भक्तों को प्रवचन करते संत

शुक्रवार को इस्कॉन पटना विस्तार केंद्र पड़री में श्रील प्रभुपाद आश्रम का उद्घाटन एक भव्य समारोह में संपन्न हुआ। पावन वैदिक शिक्षा स्थली बक्सर में इस्कॉन द्वारा भूमि अर्जित की गई है। जिसमें श्रील प्रभुपाद आश्रम का निर्माण हो चुका है। इसका उद्घाटन इस्कॉन पटना के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कृपा दास, काराकाट के पूर्व विधायक सह क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर राज, इस्कॉन बक्सर के प्रबंधक श्री राजा गोविंद दास, इस्कॉन बक्सर के परामर्श दात्री समिति के सदस्य सह स्मृति कॉलेज के निदेशक डॉ रमेश कुमार एवं श्री रोहतास गोयल की उपस्थिति में इस्कॉन के क्षेत्रीय सचिव श्रद्धेय श्री देवकी नंदन दास जी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर इस्कॉन पटना से आए समर्पित भक्तों द्वारा सुंदर कीर्तन की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया गया। इस माहौल में उपस्थित बक्सर के भक्तों ने खूब आनंद लिया। उद्घाटनकर्ता देवकीनंदन दास जी ने अपने प्रवचन में सभी भक्तों को सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने एवं भौतिक जीवन में भौतिक सुख की जगह सत्य, तपस्या, दया एवं स्वच्छता इन चार चीजों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन चार चीजों का पालन करने वाला धार्मिक कहलाता है और वही मनुष्य है। उन्होंने कहा कि मानव को मांस, मदिरा धूम्रपान, शराब इत्यादि का सेवन करना उचित नहीं है। जुआ, पराई स्त्री और पराए पुरुष से संबंध यह सब अपराध है, पाप है। विवाह एक धार्मिक अनुष्ठान है। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत एक अवसर प्रदान करता है। धर्म प्रचार- प्रसार का केंद्र है। कथा श्रवण से पाप से मुक्ति मिलती है।श्रीकृष्ण कृपा दास जी ने कहा कि सामाजिक एवं आध्यात्मिक पुनरुत्थान की कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संचालन इस्कॉन द्वारा किया जाता है। स्वागत भाषण राजा गोविंद दास जी ने किया। राजेश्वर राज जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हुए एवं अपने जीवन में इसे आत्मसात करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाया जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में डॉ रमेश कुमार ने कहा कि वैदिक गुरुकुल, आदर्श गौशाला, कृषि फार्म, प्राकृतिक चिकित्सा, श्रीमद्भगवद्गीता वितरण, फूड फॉर लाइफ जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस्कॉन देश और विदेशों में जन जन तककृष्णभावनामृत को यथारूप पहुंचाने की व्यवस्था करता है। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों का आनंद लिया और अंत में स्वादिष्ट प्रसाद प्राप्त कर बक्सर में इस्कॉन मंदिर भी जल्द बने इसका भी जयघोष किया।

## खबरें फटाफट

### निर्देश के बाद भी नहीं हुई टीम गठित

केसठ। गर्मी चरम सीमा पर है। लोग पानी के लिए जगह जगह भटक रहे हैं और आधिकारी मौन बैठे हैं। लोगों की फिक्र आधिकारियों और पीएचईडी विभाग को नहीं है। इसको लेकर 14 जून को मनरेगा भवन के प्रांगण में बीडीओ और उप प्रमुख ने पीएचईडी जेई के साथ बैठक किया गया था और जेई द्वारा आश्वासन भी दिया गया था कि दो दिनों के अंदर विभाग द्वारा टीम गठन किया जाएगा। लेकिन समय सीमा समाप्त होने बाद भी अभी तक पीएचईडी विभाग द्वारा कोई जांच टीम नहीं बनाई गई और ना ही कोई रिपेयरिंग की गई।

# नप चुनाव में प्रत्याशियों के मनुहार पर घर आए परदेसी अब लौटने लगे अपने शहर

- डुमरांव के प्लेटफार्म पर यात्रियों की बढ़ी भीड़, ट्रेन पकड़ने के लिए लोगों को करनी पड़ रही कड़ी मशक्कत
- ओवरब्रिज के संकीर्ण होने के कारण लोगों को हो रही परेशानी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

निकाय चुनाव के महापर्व संपन्न होने के बाद अपने घर आये परदेसी अब अपने शहर को लौटने लगे हैं। इन दिनों स्थानीय प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गयी है। जानकार बताते हैं कि नगर परिषद चुनाव को लेकर परदेस में काम कर रहे लोगों को बुलाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा मनुहार भेजा गया था। शहर के विकास और स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव की तर्ज पर नयी सरकार चुनने के लिए परदेस से आये शहरी वोटरों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद परदेसी वापस लौटने लगे और रेलवे प्लेटफार्म पर इन दिनों लंबी दूरी के ट्रेनों के इंतजार में भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है। बढ़ती भीड़ की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस निगरानी में जुटी है। ट्रेनों में अधिक भीड़-भाड़ होने लगी है। ट्रेन पकड़ने के लिए स्थानीय स्टेशन में यात्रियों में इजाफा हुआ है। यात्री स्थानीय प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए संकीर्ण ओवरब्रिज पर मशक्कत कर प्लेटफार्म तक पहुंचते हैं।

### डुमरांव रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का अभाव

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन का दर्जा रेल विभाग ने बी ग्रेड का दिया है लेकिन यात्री सुविधाओं का घोर अभाव बना है। वर्ष भर में करीब करोड़ो की आय देने वाला इस स्टेशन पर प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए वर्षो पहले बनाया गया ओवरब्रिज यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। प्लेटफार्म पर आये दिन यात्रियों की भीड़ को इसी ब्रिज से आना-जाना होता है। हजारों यात्रियों की भीड़ के हिसाब से यह ब्रिज काफी संकीर्ण पड़ रहा है। यहां से गुजरने वाले यात्रियों को प्रायः जान हथेली पर लेकर आना-जाना पड़ता है। यदि कभी गलती से भी यहां भगदड़ हुई तो एक भयावह हादसा हो सकता है। रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज पर शेड नहीं होने से यात्रियों को काफी मुश्किलें होती है। यात्री धूप के थपेड़े और बारिश को झेलते हुए प्लेटफार्म पर पहुंचते हैं।

### हर रोज करीब दस हजार यात्रियों का आवागमन

जानकारी के अनुसार इस रेलवे स्टेशन से हर रोज करीब दस हजार यात्रियों का आवागमन होता है। दियारे इलाके से लेकर रोहतास के सीमा तक यात्री कलकत्ता, दिल्ली सहित दूर-दराज के शहरों की यात्रा करते है। ऐसी स्थिति में यात्रियों की परेशानी ब्रिज पर चढ़ते ही बढ़ जाती है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों की कोई सुविधा उपलब्ध नही है। ट्रेनों के आने के बाद ओवरब्रिज पर यात्रियों की हुजूम और धक्का-मुक्की के कारण ऐसे यात्री चाह कर भी ब्रिज पर नही चढ़ पाते है। नतीजतन दिव्यांग यात्रियों की ट्रेनें छूट जाती है। खासकर महिला, बुजुर्ग और बच्चें भी इस परेशानी में फंसते है। यात्री रवि कुमार, राज कुमार, राधिका, रानी और मनीषा ने बताया कि भारी-भरकंप अगर समान हो तो ओवरब्रिज से पार करना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा बलों की तैनाती से राहत मिल सकती है।

## पंचायत समिति की बैठक में उपजे विवाद के बाद लाठी-डंडे व हॉकी स्टिक से की गई पिटाई

# दुस्साहस... सिमरी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि और उपप्रमुख पर जानलेवा हमला, गंभीर

- प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को किया गया रेफर
- थाना से महज चंद कदम दूर घटना को अंजाम दे भाग निकले आरोपी
- सिमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में स्कार्पियों से आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दिया घटना को अंजाम





**केटी न्यूज/सिमरी**

शुक्रवार की शाम सिमरी प्रखंड कार्यालय परिसर रक्त रंजित हो गया। स्कार्पियों से आए आधा दर्जन से अधिक अपराधियों ने प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक व उप प्रमुख चंदन कुंवर पर लाठी, डंडे व हॉकी स्टिक से जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में दोनों संभल नहीं पाए। इधर आरोपी अंधाधुंध उनकी पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। बाद में बीडीओ तथा अन्य कर्मियों के ललकारने के बाद सभी भाग खड़े हुए। घटना शाम 3.30 बजे की है। इसके बाद आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए सिमरी सीएचसी पहुंचाया गया। जाह प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। विवाद पंचायत समिति की बैठक के दौरान उपजा था, आरोप पूर्व प्रमुख सत्यानारायण दूबे के परिजनों पर लग रहा है। हालांकि पीड़ितो को गंभीर चोट लगने तथा सिमरी से बक्सर रेफर होने के कारण देर शाम तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो सका था। वैसे घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी तत्काल मौके पर पहुंच जख्मी प्रमुख प्रतिनिधि व उप प्रमुख का बयान दर्ज लिए व मामले की पड़ताल शुरू कर दी।

### थाना से चंद कदम दूर हुई घटना, नहीं पहुंची पुलिस

बता दें कि शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई थी। इसी बैठक में विपक्षियों के साथ प्रमुख व उपप्रमुख की तीखी नोंक झोंक हुई थी। हालांकि बीडीओ ने मामले को संभाल लिया था। बैठक समाप्त होने के बाद सभी प्रतिनिधि अपने घर चले गए जबकि प्रमुख प्रतिनिधि व उप प्रमुख बीडीओ के कार्यालय में बैठ बातचीत करने लगे। करीब साढ़े तीन बजे वे लोग बीडीओ के कार्यालय से बक्सर जाने के लिए निकले और अपनी वाहन की तरफ बढ़े इसी दौरान एक स्कार्पियों पर सवार आधा दर्जन लोग पहुंचे तथा अचानक मारपीट शुरू कर दिए। इस दौरान आरोपियों द्वारा दोनों की जमकर पिटाई के साथ ही उनके वाहन का शीशा भी तोड़ दिया गया। जबकि चंद कदम दूर स्थित सिमरी थाने की पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी जबकि प्रमुख प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचना दी थी।

### प्रमुख ने लगाए गंभीर आरोप

इस संबंध में सिमरी प्रखंड प्रमुख प्रियंका देवी ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद भी पुलिस समय से मौके पर नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में ही सिमरी थाना भी संचालित होता है। यदि पुलिस सक्रियता दिखाई होती तो आरोपी मौके पर ही पकड़े जाते। प्रमुख ने आरोप लगाया कि उनके पति तथा उप प्रमुख पर जान मारने की नियत से हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि बीडीओ तथा अन्य कर्मी तत्परता नहीं दिखाए होते तो वे लोग मेरे पति तथा उपप्रमुख की जान ले लिये होते। उन्होंने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए तथा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। प्रमुख ने बताया कि पूर्व प्रमुख सत्यनारायण दूबे के परिवार के विजयशंकर दूबे समेत अन्य लोगों ने हमला किया है।

### मामले की हो रही जांच

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मामले की जांच की गई। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलते ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति की बैठक के दौरान विवाद उत्पन्न होने की जानकारी मिली है।

### पंचायत समिति की बैठक में विपक्षियों ने किया था वाक आउट

**सिमरी।** शुक्रवार को स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख प्रियंका पाठक ने व संचालन बीडीओ शशिकांत शर्मा ने किया। जिसमें जनहित से जुड़े कई मुद्दे उठाए गए। हलाकि इस बैठक में कम सदस्य उपस्थित थे जिस कारण विपक्षी सदस्य बैठक का बहिष्कार कर रहे थे। जबकि प्रमुख का कहना था कि बैठक में 29 में से 15 सदस्य उपस्थित है। इस कारण यह बैठक हो सकती है। बीडीओ ने भी इस बात का समर्थन किया। इसी मुद्दे पर बैठक में जमकर हंगामा भी हुआ था। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्य अंगद सिंह ने केशोपुर गांव स्थित हनुमान घाट पर आए दिन घटित हो रही अनहोनी घटना को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए। वही सवालों का जवाब देते हुए बीडीओ शशिकांत शर्मा ने बताया कि उक्त गंगा घाट को प्रशासन की ओर से खतरनाक घाट घोषित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इसकी बैरेकेटिंग करवाई जाएगी। बैठक में बीडीसी सदस्य वीरेंद्र पासवान ने विद्युत कंपनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के बीच कंपनी की ओर से ज्यादा बिल भेजा जा रहा है। वहीं विभाग के जेई रौनक राज ने कहा कि कंपनी की ओर से जो भी बिल भेजा गया है। वह खपत के अनुरूप ही भेजी गई है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की प्रखंड में योजनाओं का चयन प्रखंड प्रमुख द्वारा वरीयता के आधार पर किया जायेगा।

## एक नजर

### लू लगने से वृद्ध की मौत, मुक्तिधाम में 35 से 95 पहुंचा प्रतिदिन के शवदाह का आंकड़ा



**बक्सर।** सूबे के कई जिलों के साथ-साथ बक्सर भी इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विज्ञान विभाग ने जहां एक तरफ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को दिन में घर से बाहर निकलते समय एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। जिले में गर्मी के दिनों में होने वाली मौतों में इजाफा हो गया है। प्रतिदिन जिस मुक्तिधाम में 30 से 35 शवों का अंतिम संस्कार होता था वहीं अब यह संख्या बढ़कर 90 से 95 हो गई है। इसी बीच शुक्रवार को दिन में 2:30 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर भीषण गर्मी की चपेट में आकर एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. जीआरपी ने शव का अंतिम संस्कार कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक संभवतः भिखारी था जो लू की चपेट में आ गया। श्मशान घाट की स्थिति यह है कि दिन में जहां जिले भर में मौतें हो रही हैं, वही लोग रात्रि के समय वहां शवदाह के लिए पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी में दिन में कोई शवदाह के लिए भी मुक्तिधाम नहीं पहुंचना चाहता। ऐसे में रात्रि के समय घाट पर शव रखने तक कि जगह नहीं रह रही। लोगों ने बताया कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने पर वहां ना तो पानी पीने और ना ही बैठने की बेहतर व्यवस्था है ऐसे में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लकड़ी और शवदाह के लिए जरूरी अन्य सामग्रियों की प्राइस लिस्ट भी नहीं लगाई गई है जिसके कारण मनमानी वसूली भी हो रही है।

### कृष्णाब्रह्म में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर हुई मौत



**बक्सर।** शुक्रवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव के समीप एनएच 922 पर एक तेज रफ्तार ट्रक के रौंदने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना सुबह 9 बजे के आस पास की है। इस घटना के बाद एनएच पर अफरा तफरी मच गई। कई वाहन चालक अपना वाहन लेकर तेजी से भाग खड़े हुए। जबकि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक की पहचान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढ़काईच गांव निवासी महेश शर्मा (28) पिता तारकेश्वर शर्मा के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने गांव से बक्सर जाने के लिए निकला था। लेवाड़ के पास सड़क को क्रास कर अपने साइड में आने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया। परिजन दौड़े भागे घटना स्थल पर पहुंचे। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दिया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को जब्त कर लिया गया है। चालक की पहचान की जा रही है। उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पथ पर वाहनों की तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य वजह बताया जा रहा है।

### हड़ताल के बावजूद बीज का वितरण जारी, ओटीपी दिखाकर लें लाभ

**डुमरांव।** वेतन संशोधन व ग्रेड पे में बढ़ोतरी की मांग को लेकर डुमरांव कृषि विभाग के 6 कृषि समन्वयक और 13 कृषि सलाहकार समायोजन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कृषि कर्मियों के हड़ताल पर जाने से कार्यालय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटिएम के अलावे इक्के दुक्के कर्मी ही कार्यरत है, लेकिन कृषि समन्वयकों और सलाहकारों के हड़ताल पर जाने से कार्यालय का कार्य बाधित नहीं हुआ है। बीज के लिए रजिस्ट्रेशन से लेकर, बीज वितरण और अन्य सभी योजनाओं के संचालन का जिम्मा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा संभाले जाने से किसानों को राहत मिल रही है। विभाग को आवंटित धान के बीज का वितरण अब भी जारी हैं, जिसके लिए ओटीपी दिखाकर किसान ई-किसान भवन से अनुदानित दर पर उच्च गुणवत्ता के बीज प्राप्त कर रहे हैं। अनुमंडल में कुल 203 क्विंटल बीज के लिए किसानों के मोबाइल पर ओटीपी भेजी जा चुकी है, जहां शुरूआती दौर में लगभग पौने दो क्विंटल बीज का वितरण किया गया है।

## चेयरमैन, उप चेयरमैन व पार्षदों का शपथ ग्रहण 27 को होगा

**केटी न्यूज/डुमरांव**




डुमरांव नगर परिषद चुनाव में जीते चेयरमैन, उप चेयरमैन और वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण 27 जून को होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव के परिणाम आने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के हार-जीते के आंकड़े समेत जीते प्रत्याशियों की सूची भेजी गयी थी। आयोग ने इसको लेकर जिलाधिकारी को भेजे गये अपने निर्देश में 27 जून को शपथ ग्रहण कराने की अधिसूचना जारी की है। जिला प्रशासन इसके लिए जगह और अपर समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करेगा। शपथ ग्रहण के बाद शहर की सरकार अपने फैसले से शहरवासियों को राहत देने वाली तमाम कार्यों को संचालित करेगी। अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद निर्वाचन का काम समाप्त होगा और अब नगर की सरकार स्वतंत्र रूप से अपनी सरकार संचालित करेगी।

## कर्तव्यपथ की बलिवेदी पर चढ़ा जवान, शव आते मची चित्कार

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**



अनुमंडल के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के भरत पाव गांव का एक सीआरपीएफ जवान कर्तव्यपथ की बलिवेदी पर चढ़ गया है। शुक्रवार को उसका शहीद जवान का शव पैतृक गांव भरत पाव पहुंचा। शव पहुंते ही गांव व आस-पास के लोगों की भीड़ उमड़ गई। वहीं पत्नी व बेटों की चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक शंभूराम गोंड उम्र 46 वर्ष स्व सरजू गोंड के पुत्र है। जानकारी के अनुसार वे वर्ष 2011 में सीआरपीएफ में तैनात हुए थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग झारखंड के गिरीडीह में थी।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को ड्यूटी के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ी थी। जब वे ड्यूटि से बैरक में लौटे तो स्थिति और खराब होने लगी तथा अस्पताल ले जाने के दौरान ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद उनके साथी जवान भी स्तब्ध हो गए थे। डाक्टरों द्वारा उनकी मौत की पुष्टि किए जाने के बाद सीआरपीएफ अधिकारियों ने इस मनहूस घटना की सूचना घर वालों को दी। सूचना मिलते ही जवान की पत्नी कांति देवी बेहोश हो गई। जबकि तीन बेटे कुंदन, शशि व अमित बदहवास हो गए। शव आने पर कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश सेवा की बलिवेदी पर चढ़ना बहुत कम लोगों को नसीब होता है। उन्होंने कहा कि देश के लिए मर मिटने से बड़ा कुछ भी नहीं होता है।

**शव के साथ आए कंपनी के जवान, दिया गार्ड ऑफ ऑनर:** शहीद जवान के शव के साथ उसके कंपनी के जवान भी आए थे। जवानों तथा स्थानीय पुलिस ने उसके दरवाजे पर तथा अंतिम संस्कार के दौरान मुक्तिधाम बक्सर चरित्र वन घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर दे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान उनके दरवाजे पर सैकड़ो ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी थी। लोग शंभू राम अमर रहे के नारे लगा रहे थे। बक्सर के चरित्रवन घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद कंपनी के अधिकारी अपने बटालियन लौट गए।

## सिमरी को छोड़ यहीं दर्ज होंगे सभी थानों के शराब से जुड़े मामले

# डुमरांव में खुला मद्य निषेध थाना, इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी बने इंचार्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**




शुक्रवार को डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर में मद्यनिषेध थाना का उदघाटन किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पुराने अनुमंडल कार्यालय में इस थाने को संचालित किया जाएगा। जहां से सिमरी को छोड़ डुमरांव अनुमंडल के शेष सभी थानों के शराब से संबंधित मामले अब यही दर्ज होंगे। यह उत्पाद विभाग का अनुमंडल स्तरीय थाना होगा। जिसका संचालन इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी करेंगे। इस थाना में एक इंस्पेक्टर के अलावे एक सब इंस्पेक्टर, 3 एएसआई व बीस होमगार्ड के जवान तथा चार गाड़ियां रहेगी। फिलहाल इंस्पेक्टर सुरेश राम को यहा का इंचार्ज बनाया गया है। डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने शुक्रवार की शाम इस थाने का उदघाटन किया।

वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अब इसी थाना के माध्यम से डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में शराब तस्करी रोकने तथा तस्करों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अनुमंडल स्तरीय थाना है। सिर्फ सिमरी थाना को इससे अलग रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी अंचलों में मद्य निषेध का अपना थाना होगा। वही एसडीओ ने कहा कि शराब तस्करी को रोकने के लिए ही इस थाना की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालन करना है। इसी उदेश्य से इस थाने की स्थापना की गई है। वही एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि मद्य निषेध का अपना थाना खुलने के बाद अब शराब तस्करों पर लगाम लगाना आसान होगा। वही पुलिस का काम भी आसान हो जाएगा। एसडीपीओ ने कहा कि अनुमंडल पुलिस शराब तस्करी पर लगाम लगाने के लिए काफी तत्पर है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कई सफल अभियान चलाए है। एसडीपीओ ने उम्मीद जताया कि इस थाना के उदघाटन के बाद अनुमंडल में शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति सफल होगी।

# विकास खंड देवकली में ग्राम चौपाल का आयोजन, लापरवाह अधिकारी का डीएम ने रोका वेतन

- खुली बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी गई
- डीएम ने लोगों से मिलकर जाना सरकारी विभागों के काम-काज का हाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन विकास खंड देवकली के ग्राम तुरना में शुक्रवार को किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ विवेक के कार्य में लापरवाही की शिकायत एवं पशुओं का टीकाकरण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया।

आयोजित चौपाल में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय, आवास, हैंडपंप का संचालन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन एवं राशन वितरण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही प्रत्येक पात्र को योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बच्चों के टीकाकरण एवं ई कवच पोर्टल पर



चौपाल कार्यक्रम में सम्मानित करती डीएम आर्यका अखौरी

फीडिंग एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। पेंशन के छूटे हुए लाभार्थी को तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया। कहा कि कोटेदार फूड सेफ्टी से संबंधित सारे नियमों का पालन करते हुए साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। उन्होंने गांवों में छूटे पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाए जाने एवं छूटे हुए नामों को बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही बीसी सखी से गांव में किए गए कार्यों की जानकारी ली तथा गांव के ऐसे बूढ़े-बुजुर्ग जो बैंक तक नहीं जा सकते, उनकी बैंकिंग सेवा में सहयोग के लिए बीसी सखी को निर्देश देते हुए गांव में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने को कहा।

इस ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का सत्यापन किया गया। ग्रामवासियों को खुली बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पेंशन योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निराश्रित, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए पेंशन का लाभ दिलाए जाने का निर्देश दिया। चौपाल में प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अध्यापकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर के संबंध में भी चर्चा हुई। प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि 26 जून से स्कूल खुल रहे हैं एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर विद्यालय में नामांकन कराया जाए।

उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील किया कि अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएं। बैठक में हैंडपंप रिबोर, छात्रवृत्ति, मनरेगा आदि कार्यों के बारे में भी सत्यापन किया गया।

व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों का ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। बाल विकास समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुष्टाहार वितरण, कोटेदार द्वारा समय से राशन बांटने एवं बिजली की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने गांवों में संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से लोगों को अवगत कराया तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उप जिलाधिकारी सैदपुर, उप निदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, खण्ड विकास अधिकारी देवकली, समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, डीपीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### पिटाई से घायल अधेड़ की मौत के बाद मुस्तफाबाद में तनाव

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में एक माह पूर्व दबंगों की पिटाई से गम्भीर रूप से घायल अधेड़ की मौत से परिवार वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इधर, घटना से आशंकित तनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा दलित बस्ती में फोर्स तैनात कर दी गई है। साथ ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद तीन में से दो आरोपियों श्रीभगवान व त्रिवेणी पुत्र गण जीतन राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार श्री भगवान बीएसएफ में फॉलोवर के पद पर तैनात है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक ने बताया कि दो आरोपियों को तो पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा चुका है।

### गोपाल नगर दलित बस्ती में आग, सौ से अधिक आशियाना राख

**केटी न्यूज/बैरिया।** सुरेमनपुर दियारांचल के गोपाल नगर दलित बस्ती पर आग ने फिर कहर ढाया। गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग में 100 से अधिक लोगों का आशियाना व उसमें रखा लाखों रुपए का खाद्यान्न, कपड़ा, घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों के घंटों प्रयास के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया जा सका। लेकिन सब कुछ जलकर राख में तब्दील हो चुका था। चारों तरफ रोने की आवाज। अजीब सा माहौल हो गया है।

गोपाल नगर दलित बस्ती निवासी सुरेंद्र राम के घर से अचानक आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग की लपटें बेकाबू हो गईं। आग की चपेट में महेश राम, गणेश राम, धाना यादव, शत्रुघ्न यादव, हवलदार यादव, व्यास राम, सुरेंद्र राम, प्रधान राम, विक्रमा राम, स्वामीनाथ राम, राम जी राम, कमलेश राम सहित लगभग 100 लोगों का आशियाना आ गया।

# जौनपुर विश्वविद्यालय की कुलपति ने किया एमजेआरपी डिग्री कालेज का उद्घाटन

- पूर्व सांसद जगदीश सिंह कुशवाहा हैं कॉलेज के संस्थापक
- मुहम्मदाबाद तहसील के अदिलाबाद (तिवारीपुर मोड़) स्थित है महात्मा ज्योतिबा राव फूले डिग्री कॉलेज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





कालेज का उद्घाटन करते अतिथी, सम्मानित करते अतिथि

जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत अदिलाबाद (तिवारीपुर मोड़) स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फूले डिग्री कॉलेज का उद्घाटन 14 जून 2023 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया। सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके साथ ही संस्थापक एवं अन्य गणमान्य लोगों ने शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कुलपति ने एमजेआरपी एजुकेशनल संस्थान के संस्थापक पूर्व सांसद जगदीश सिंह कुशवाहा के साथ महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय, प्रत्येक तल पर छात्र-छात्राओं, विषयाचार्यों के लिए निर्मित शौचालय, खेलकूद-सामग्री देखकर कुलपति काफी प्रभावित हुईं। अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भावी जीवन में सफल होने के सूत्र बताते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान के लिए आवाह्न किया। छात्र-छात्राओं को नैतिक, चारित्रिक पक्ष मजबूत करने की प्रेरणा दी। कुलपति ने विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों के बारे में भी बताया। कुछ छात्रों ने उनसे प्रश्न भी पूछे। उन्होंने छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही उच्च शिक्षा के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। कुलपति ने नैक द्वारा मूल्यांकन कराने का सुझाव दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर में मैथ, बायो, मानविकी संकाय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को कुलपति ने मेडल, प्रशस्ति-पत्र, अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन पूर्व सांसद जगदीश सिंह कुशवाहा ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने अपना अमूल्य समय निकाल कर जो महाविद्यालय परिवार को दिया है, उसके लिए हम सभी आभारी हैं। अंत में संस्था की उप प्रबंधक संध्या ने कुशवाहा द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह भेंटकर कुलपति का सम्मान किया। इस अवसर पर मन्नू अंसारी विधायक मोहम्मदाबाद, रईस अंसारी चेयरमैन नगर पालिका परिषद मोहम्मदाबाद, रामराज सिंह, श्याम नारायण सिंह, रविंद्र उपाध्याय, महात्मा सदानंद दास जी, प्रो रमाकांत सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमोद सिंह कुशवाहा, दिनेश वर्मा, गुलाब राम, रमेश गिरि, गोपाल यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, वीरेन्द्र राय, रामधारी यादव, कन्हैया विश्वकर्मा, नरेंद्र कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, जयप्रकाश सिंह, कृष्णा मौर्या, रोशन, इंदल, इंद्रदेव कुशवाहा, राजेश मौर्य, मोहन, रामनिवास, रामअवध, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बहादुर सिंह यादव, मृत्युंजय चौरसिया, विषयाचार्य मिर्जा शौकत बेग, शालिनी राय, कंचन कुमार, सुरेश राम, शुभम गुप्ता, अजय कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, प्रीति यादव एवं बड़े बाबू वीरेंद्र कुशवाहा, रोमन बिन्द सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पीएचडी का अध्ययन केंद्र बना गाजीपुर का पीजी कॉलेज

गाजीपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर को पीएचडी कोर्स वर्क कराने के लिए अध्ययन केंद्र के रूप में नामित संस्थाओं की सूची में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में जारी आदेश पत्र में इस बात का उल्लेख है कि गाजीपुर में शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में अध्ययनरत पीएचडी छात्रों के लिए चिन्हित अध्ययन केंद्र बनाए गए हैं, जहां उन्हें पीएचडी कोर्स वर्क पूरा करना है। प्राचार्य प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर पर निम्न विषयों का कोर्स वर्क संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस केंद्र पर कुल 17 विषयों के कोर्स वर्क पूरा कराए जाने के लिए छात्रों-छात्राओं की संख्या भी निर्धारित की है। पीजी कॉलेज में शस्य विज्ञान-02, आनुवंशिकी पादप प्रजनन-03, पादप रोग विज्ञान-01, कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान-03, उद्यान विज्ञान-01, कृषि अर्थशास्त्र-00, कृषि प्रसार-00, कृषि अभियान्त्रिकी-00, संगीत- 4, सैन्य विज्ञान-06, अर्थशास्त्र-05, संस्कृत-03, राजनीति शास्त्र-21, हिन्दी-36, शारीरिक शिक्षा-12 छात्र- छात्राओं को प्री-पीएचडी कोर्स वर्क कराया जाना निर्धारित किया गया है। अंत में प्राचार्य ने बताया कि पीजी कॉलेज केंद्र पर विश्वविद्यालय के गाइडलाइंस के अनुसार पीएचडी कोर्स वर्क को फुल टाइम शोधार्थियों के लिए ऑफलाइन एवं पार्ट टाइम शोधार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड में संचालित किया जाएगा।

## सैकड़ों खाताधारकों का पैसा लेकर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक फरार

**केटी न्यूज/बलिया**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के खिलाफ खाताधारकों ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट में हंगामेदार प्रदर्शन किया। दरअसल सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक द्वारा खाताधारकों के खाते में पैसा जमा नहीं करने और सैकड़ों खाताधारकों का पैसा लेकर चंपत हो जाने का बड़ा मामला सामने आया है। मामला बलिया के फेफना थाना क्षेत्र के औंदी गांव का है। बड़ी संख्या में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम से पैसा वापस कराने की गुहार लगाई है। हाथों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पासबुक लिए कलक्ट्रेट पहुंचे महिला-पुरूषों का पैसा



खाते के साथ प्रर्दशन करते उपभोक्ता

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालक मिर्जा आगा हसन धोखाधड़ी करके लेकर फरार हो गया है। पीड़ितों ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र 14 नवंबर 2011 से चल रहा था। उसके पास जितने भी खाताधारक थे उनका पासबुक हाथ से लिख कर देता था। अगर किसी खाता धारक का पैसा निकासी करना होता था तो अंगूठे के माध्यम से बिना इजाजत के ज्यादा पैसे निकालकर खाताधारक को कम पैसा देता था और पासबुक पर हाथ से लिख देता था।

### 30 अप्रैल से बंद है केंद्र

बलिया। पासबुक पर हाथों से लिख देता था और उस पैसे को खाते में जमा नहीं करता था। कई खाताधारकों को धोखे में रखने हेतु लाखों रुपए का फिक्स डिपाजिट बताते हुए और पासबुक पर ही हाथों से लिखकर फिक्स डिपाजिट करा देता था और किसी प्रकार का कागजी पत्र नहीं देता था। बताया 30 अप्रैल से ग्राहक सेवा केंद्र पर ताला बंद है।

## निवेशकों का 6 करोड़ गबन करने वाला पुणे से गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया।** अभियुक्तों की गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कम्पनी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। वहां से ट्रांजिट रिमांड बनवाकर यहां पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस हाई प्रोफाइल प्रकरण की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि धारा 409, 420 व 506 भादवि में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास में जुटी थी।

## एक नजर

### साई सेंटर काशीपुर में हुआ ताइक्वांडो खिलाड़ी विजय का चयन

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** सैदपुर तहसील क्षेत्र के गैबीपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी के ताइक्वांडो खिलाड़ी विजय यादव का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के काशीपुर



सेंटर में हुआ है। उत्तराखंड राज्य के काशीपुर में प्राधिकरण का साई प्रशिक्षण केंद्र है, जहां विजय को राज्य व राष्ट्र स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में दर्जनों पदक व अब तक के शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया गया है। विजय सैदपुर के दौलतपुर स्थित राशूलबाद गांव निवासी रविंद्र नाथ यादव के छोटे पुत्र हैं और विगत पांच वर्षों से गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबीपुर में कोच अमित कुमार सिंह के संरक्षण में ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विजय ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने कोच को दिया है। गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मुकेश सिंह ने कहा कि अमित कुमार सिंह के संरक्षण में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी से अब तक दर्जनों ताइक्वांडो खिलाड़ियों का चयन देश के विभिन सेंटरों में हुआ है, जिसमें आर्मी ब्वायज कंपनी, साई खेल छात्रावास, थल सेना, उत्तरप्रदेश पुलिश इत्यादि सर्विसेज सम्मिलित हैं। इसी क्रम में अब विजय यादव का चयन एसोसिएशन के पदाधिकारियों व समस्त जिलावासियों के लिए गर्व की बात है।

### स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू

**केटी न्यूज/मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि उप्र स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसायटी, लखनऊ के अधीन संचालित स्पोर्ट्स कॉलेजों में वर्ष 2023-24 में कक्षा-06 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बीते 6 जून से ही शुरू हो चुकी है। इसके अन्तर्गत गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह, स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सैफई में वर्ष 2023-24 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 15 जून, 2023 से 04 जुलाई, 2023 तक प्रदेश के समस्त मण्डलीय खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेजों में मण्डलवार एवं खेलवार तथा मुख्य चयन परीक्षा 14 जुलाई, 2023 से 19 जुलाई, 2023 तक खेलवार स्पोर्ट्स कॉलेजों में आयोजित करायी जायेगी। इस क्रम में आजमगढ़ में प्रारम्भिक चयन परीक्षा 21 जून को वालीबाल एवं बैडमिन्टन (बालक-बालिका), क्रिकेट, फुटबाल (केवल बालक वर्ग) एवं जूडो केवल बालिका वर्ग तथा 22 जून को एथलेटिक्स (केवल बालक), हॉकी, जिम्नास्टिक , कुश्ती (बालक-बालिका वर्ग), कबड्डी (केवल बालक वर्ग) तैराकी (केवल बालक वर्ग) की होगी। परीक्षा में भाग लेने वाले बालक-बालिकाओं की आयु 01 अप्रैल 2023 को 9 से 12 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक बालक-बालिका 17 जून को अपराह्न 2 बजे से जिला खेल कार्यालय, मऊ में 200 रूपया जमा कर फॉर्म एवं प्रॉस्पेक्टस प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, मऊ में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

### वसूली प्रक्रिया में लापरवाही पर संग्रह अमीन निलंबित

**केटी न्यूज/मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर राजस्व वसूली प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरतने पर संबंधित संग्रह अमीन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उप जिलाधिकारी सदर ने उसे निलंबित कर आरोप पत्र निर्गत कर दिया है। साथ ही संबंधित नायब तहसीलदार रतनपुरा को भी तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि 15 जून के संस्करण में एक दैनिक अखबार में प्रकाशित शीर्षक ह्यह्यएसडीएम की छापेमारी में करोड़ों का बकायेदार मिला मृतकह्यह्य के तहत छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह को इस संबंध में तत्काल विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को अखबार में छपी खबर तथा विकासखंड परदहां के चक बभनीभार में लगभग 67 लाख के बकाएदार महावीर राइस मिल के मालिक बृजभान जायसवाल की कुर्क मिल की जमीन पर एक दूसरी मिल बनाने के मामले में संबंधित संग्रह अमीन एवं नायब तहसीलदार के खिलाफ तत्काल कठोरतम विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। ज्ञातव्य है कि रतनपुरा विकासखंड में दुर्गा राइस मिल के मालिक अंबिका यादव पर खाद्य एवं रसद विभाग का लगभग 1 करोड़ 28 लाख रुपए का बकाया था।

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर रामकथा का हुआ आयोजन

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की चेतावनी, 19 को होगी विशाल पदयात्रा, जतायेंगे विरोध

- पुरानी पेंशन योजना को लेकर सरकार पर जमकर बिफरे कर्मचारी नेता
- कहा-जब तक लागू नहीं होगी तब तक जारी रहेगा आंदोलन

**केटी न्यूज/बलिया**

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई सैदपुर व देवकली द्वारा संयुक्त रूप से तहसील स्तरीय विभागीय सेवा नियमावली, पदोन्नति, पुरानी पेंशन अधिकार पदयात्रा का मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन उप जिलाधिकारी सैदपुर को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व सैदपुर ब्लाक अध्यक्ष राजनाथ व देवकली ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोशनलाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हम लोगों की सात सूत्री मांगें जायज हैं और यदि हमारी मांगों का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही नहीं प्रारंभ की जाती है, तो जनपद के सभी सफाई कर्मचारी 19 जून को विकास भवन से कचहरी तक विशाल पदयात्रा करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू ने कहा कि भारत सरकार की नौकरियों में एक जनवरी 2004 से शिक्षकों,




विरोध मार्च करते कर्मचारी संघ

कर्मचारियों व अधिकारियों को दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा यानी पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार आधारित नवीन पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है, जो कर्मचारियों के हित में नहीं है। जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जानी चाहिए।

सैदपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ राम ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। देवकली ब्लाक अध्यक्ष राजेश ने कहा कि पुरानी पेंशन हम सभी कर्मचारियों का हक है और हम लोगों को मिलना चाहिए। नरसिंह प्रसाद ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पे रोल व्यवस्था समाप्त किया जाना चाहिए। देवकली ब्लॉक मंत्री धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती है, तब तक हम लोग निरंतर समय= पर आंदोलन करते रहेंगे। जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे का लाभ दिया जाना चाहिए। सैदपुर ब्लॉक मंत्री बुद्धू राम ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का नाम पंचायत सेवक किया जाना चाहिए। इस दौरान जिला संयुक्त मंत्री कामेश्वर रावत, चन्द्रशेखर आजाद, संजय यादव छोटू बिंद, आनन्द कुमार, साहित्य श्रीवास्तव, शहजाद, विद्या, राकेश मौर्या, अशोक सोनकर, तारकेश्वर राम, चन्द्रशेखर, रामनारायण, अरविन्द कुमार सोनकर सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में जिलाध्यक्ष रोशनलाल के साथ विकास खंड सैदपुर एवं देवकली के सभी सफाई कर्मचारियों ने विकास खंड रेवतीपुर के सफाई कर्मचारी साथी ओमप्रकाश दूबे के सड़क दुर्घटना में निधन होने पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना प्रकट किया।